हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, बुधवार, 19 नवंबर 2025

तापमान

अधिकतम 27.2 डिग्री

न्यूनतम 7.0 डिग्री

10 प्रदेश के सभी जिलों में जल्द होगा पैरा स्पोर्ट्स टीमों का गठनः आरती राव



10 'हिंडोला' में फोक डांस पर थिरके युवाओं के कदम ...



## खबर संक्षेप

### सड़क हादसों के आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद फरार दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। थाना कसोला पुलिस ने हादसे के बाद 7 नवंबर को चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने इस मामले में राजस्थान के सरहेटा निवासी सोहिल खान को गिरफ्तार किया है। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने 17 नवंबर को हुए हादसे के बाद दर्ज मामले में लोकरी निवासी यशपाल को गिरफ्तार किया है। तफ्तीश में शामिल करने के बाद दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया।

### दहेज उत्पीड़न मामलों में आरोपी गिरफ्तार

**कोसली।** पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामलें में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने विवाहिताओं की शिकायत मिलने के बाद दोनों पक्षों के बीच काउंसलिंग के जरिए समझौता कराने के प्रयास किए थे। बातचीत सिरे नहीं चढ़ने के बाद पुलिस ने 10 अक्टूबर को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में राजस्थान के झुनझुनु निवासी दीपक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### गो तस्करी के मामले में एक आरोपी काबू

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने गत वर्ष दर्ज किए गए गोकशी अधिनियम के तहत मामले में एक फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ हत्या का केस भी दर्ज है। पुलिस ने गायों को मुक्त कराते हुए 17 नवंबर 2024 को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने नूंह के भपावली निवासी जाहुल को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ पहले भी आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### एनडीपीएस एक्ट का आरोपी भेजा जेल

**कुंड।** खोल थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया। पुलिस ने 15 अक्टूबर को एक आरोपी नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ केस दर्ज करने के बाद पूछताछ की तो उसने बताया कि नारनौल के बावड़ीपुर मोहल्ला निवासी जयकिशन ने उसे नशीला पदार्थ मुहैया कराया था। पुलिस ने आरोपी जयकिशन को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने के बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया, से जेल भेजने के आदेश जारी हुए।

### मारपीट मामले के एक और काबू

**बावल।** कसोला पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीड़ति के बयान पर पुलिस ने 28 अगस्त को कई आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। अब एक और आरोपी राजस्थान के बीरनवास निवासी जोगेंद्र को भी इस मामले में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### अपहरण के आरोप में दो गिरफ्तार

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने अपहरण के आरोप में दर्ज किए गए मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर गत 15 अक्टूबर को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उनकी तलाश शुरू की थी। पुलिस ने जांच के बाद राजस्थान के जवान की ढाणी महतावास निवासी केशव और नांधा निवासी भीमसिंह को गिरफ्तार कर लिया।

---

**रोडवेज विभाग को हर माह लाखों रुपये के अड्डा शुल्क का नुकसान उठाना पड़ रहा**

*बस स्टैंड फीस तक की वसूली कराने में विभाग नाकाम*

# औचित्यहीन साबित हो रहा बस स्टैंड एंट्री जरूरी तय नहीं कर पा रहा विभाग

- प्राइवेट और दूसरे राज्यों की बसें बिना शुल्क दौड़ रहीं

नरेन्द्र वत्स ▶▶। रेवाड़ी

पूर्व मंत्री डा. बनवारीलाल के प्रयासों से मनोहरलाल सरकार के कार्यकाल में बनीपुर चौक पर बनाया गया बावल का बस स्टैंड बसों की एंट्री नहीं होने से औचित्यहीन साबित हो रहा है। इस बस स्टैंड पर सिर्फ ट्रेनिंग के लिए इस्तेमाल की जाने वाली बसें ही खड़ी होती हैं। प्राइवेट और दूसरे राज्यों की बसों की एंट्री बस स्टैंड में आज तक सुनिश्चित नहीं हो पाई है, जिससे रोडवेज विभाग को हर माह लाखों रुपये के अड्डा शुल्क का नुकसान उठाना पड़ रहा है।

इस बस स्टैंड का निर्माण दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे से चंद मीटर की दूरी पर कराया गया था, ताकि नेशनल हाइवे से गुजरने वाली सभी बसों का बस स्टैंड के अंदर प्रवेश हो सके। करीब चार साल पहले इस बस स्टैंड का शुभारंभ करने के बाद रोडवेज विभाग की ओर से अपनी सभी बसों का अंदर प्रवेश आवश्यक कर दिया था। रोडवेज की बसों ने बस स्टैंड के अंदर जाना शुरू कर दिया था, परंतु राजस्थान रोडवेज और प्राइवेट बसों का अंदर प्रवेश सुनिश्चित नहीं हो सका। इससे रोडवेज के लिए बसों का अंदर प्रवेश घाटे का सौदा साबित होने लगा। जब तक रोडवेज की बसें अंदर प्रवेश करने के बाद बाहर निकलतीं, तब तक यात्री हाइवे से सीधी गुजरने वाली प्राइवेट या दूसरे राज्यों की बसों से निकल जाते। रोडवेज बसों को बस स्टैंड के अंदर जाने के बाद सवारियां नहीं मिलती थीं। मजबूरी में रोडवेज बसों को भी हाइवे से सीधे निकलने की छूट दे दी गई। करोड़ों रुपये की लागत से बना बस स्टैंड अब सूना पड़ा रहता है।

इस बस स्टैंड पर ड्राइवरों को प्रशिक्षण देने वाली बसें ही खड़ी नजर आती हैं। बस स्टैंड पर सभी बसों का प्रवेश सुनिश्चित नहीं होने के कारण अड्डा फीस के रूप में डिपो को हर माह लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। दूसरी ओर आम लोगों को नए बस स्टैंड के निर्माण का कोई फायदा नहीं मिल रहा है।

**हर बस से वसूले जाते हैं 150 रुपये**

राजस्थान में प्रवेश करने के बाद हरियाणा रोडवेज की सभी बसों से हर बड़े बस स्टैंड पर 150 रुपये प्रति बस के हिसाब से अड्डा फीस वसूल की जाती है। बहरोड में मेन रोड पर अड्डा नहीं होने के बावजूद कर्मचारी फ्लाईओवर पर खड़े होकर अड्डा फीस वसूल करते हैं। दूसरे बस स्टैंड के आसपास भी इसी तरह हाइवे पर फीस वसूली होती है, परंतु स्थानीय डिपो की ओर बावल के बनीपुर चौक पर फीस वसूली के कोई कर्मचारी नहीं लगाए गए हैं। इससे अप और डाउन दोनों ओर फीस वसूली नहीं होने का नुकसान झेलना पड़ रहा है।



बसों के अभाव में खाली पड़ा बावल का रोडवेज बस स्टैंड

- चौक से रोजाना निकलने वाली बसों की अनुमानित संख्या 2000 बसें
- प्रति बस वसूली की जाने वाली अड्डा फीस 150 रुपये
- रोडवेज विभाग को फीस के रूप में दैनिक नुकसान 3 लाख रुपये

**प्रवेश जरूरी करते ही हुआ नुकसान**

लगभग दो साल पहले हरियाणा रोडवेज की बसों का बनीपुर चौक बस स्टैंड में प्रवेश अनिवार्य कर दिया था। यह निर्णय रोडवेज विभाग के लिए कई दिनों तक घाटे का सौदा साबित होता रहा। प्राइवेट और दूसरे राज्यों की बसें सीधी निकलती रहीं, जिससे यात्री बस पकड़ने के लिए अड्डे तक नहीं पहुंच रहे थे। यात्री चौक से सीधे निकलने वाली बसों से ही यात्रा कर रहे थे, ताकि समय का नुकसान नहीं हो। इससे बस स्टैंड में प्रवेश करने वाली रोडवेज बसों को सवारियां मिलना कम हो गया था। बाद में विभाग की ओर से बसों के बस स्टैंड में प्रवेश की अनिवार्यता को खत्म कर दिया।



**रेवाड़ी।** बनीपुर चौक पर सर्विस रोड पर सवारियां बैठाती प्राइवेट बस।

**फीस वसूली के लिए कर्मचारी नहीं**

दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे से रोजाना प्रदेश के लगभग सभी डिपो की बसें राजस्थान के जयपुर, कोटा, जोधपुर व दूसरे बड़े शहरों से आवागमन करती हैं। इसी तरह राजस्थान के कई डिपो की बसों का देश की राजधानी से लेकर दूसरे राज्यों में भी इस रूट से बड़ी संख्या में आवागमन होता है। प्राइवेट वैध औव अवैध बसों का संचालन भी बड़ी संख्या में होता है। हरियाणा रोडवेज की बसों को मेन हाइवे पर स्टैंड नहीं होने के बावजूद बहरोड में अड्डा फीस अदा करनी होती है, परंतु रेवाड़ी परिवहन डिपो की ओर से बनीपुर चौक पर अड्डा फीस वसूली की कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

**फ्लाईओवर निर्माण तक संभव नहीं**



इस समय फ्लाईओवर का निर्माण कार्य चल रहा है, जिस कारण बसों को बस स्टैंड के अंदर ले जाना संभव नहीं है। नियमानुसार अड्डा फीस की वसूली बस स्टैंड के अंदर ही होती है। अगर बाहर वसूली की जाती है, तो वह एक तरह से अवैध होती है। फ्लाईओवर बनने के बाद ही बसों को अंदर ले जाने की व्यवस्था की जाएगी।

-निरंजन शर्मा, जीएम, रोडवेज।

**चार कर्मचारियों की तैनाती होना जरूरी**

अगर रोडवेज विभाग की ओर से बनीपुर चौक पर अड्डा फीस वसूली करनी है, तो उसे कम से कम चार कर्मचारियों की तैनाती चौक पर करनी होगी। नेशनल हाइवे से दिन-रात दूसरे राज्यों और प्राइवेट बसों का आवागमन होने के कारण दो शिफ्टों में कर्मचारी लगाने होंगे। डिपो की ओर से पहले यह व्यवस्था की गई थी, परंतु बाद में इसे बंद कर दिया गया। इससे डिपो को हर माह होने वाली राजस्व वसूली से हाथ धोना पड़ रहा है।

---

## सांजरपुर की पंचायती जमीन से हटवाया अवैध कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बावल

पंचायत विभाग की ओर से मंगलवार को सांजरपुर गांव में प्रभावयाली लोगों के पंचायती जमीन पर किए गए कब्जों को हटवा दिया गया। कुछ ग्रामीण महिलाओं ने इस कार्रवाई का विरोध भी किया, लेकिन पुलिस बल की मौजूदगी के चलते उनकी एक नहीं चली। गांव की पंचायती जमीन व रास्ते पर कब्जे की शिकायत प्रशासन से लेकर सीएम विंडो तक पर की गई थी। इसके बाद डीसी अभिषेक मीणा ने अवैध कब्जे व पंचायती जमीन से अतिक्रमण हटवाने के आदेश दिए थे। मंगलवार को एसडीओ दलबीर सिंह की अगुवाई में एक टीम जेसीबी मशीन और पुलिस बल के साथ गांव पहुंची।





**बावल।** सांजरपुर में अतिक्रमण साफ करती प्रशासन की जेसीबी मशीन। फोटो : हरिभूमि

**पुलिस बल की मौजूदगी में सफलतापूर्वक संपन्न हुई कार्रवाई**

चूंकि जमीन की पैमाइश पहले ही करा दी गई थी, इसलिए अवैध कब्जे और अतिक्रमण को जेसीबी से धराशाही कर दिया गया। अतिक्रमण हटाने में भेदभाव के आरोपों के साथ कुछ महिलाओं और पुरुषों ने कार्रवाई का विरोध करना चाहा, परंतु पुलिस बल की मौजूदगी के कारण यह कार्रवाई सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। दूसरी ओर अतिक्रमण हटने से शिकायतकर्ता से लेकर दूसरे ग्रामीणों तक ने राहत महसूस की है। गांव के सरपंच ने बताया कि तीन लोगों ने कब्जे किए हुए थे। उन्हें पंचायत की ओर से नोटिस दिए गए, परंतु कब्जे हटाने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाए। इसके बाद उन्होंने प्रशासन को शिकायत दर्ज कराते हुए इस कार्रवाई को सिरे चढ़वाया।

## लड़की बनकर नाबालिग से 8.32 लाख रुपये की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

इंस्टाग्राम पर लड़की बनकर एक नाबालिग का दोस्त बनकर लगभग 8.32 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में साइबर थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। गत 30 अक्टूबर को साइबर थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में एक विधवा महिला ने बताया कि था कि उसका मोबाइल फोन उसके नाबालिग बेटे के पास रहता है। अगस्त माह में उसके 17 साल के बेटे के साथ इस्टाग्राम पर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजकर दोस्ती कर ली। इसके बाद दोनों के बीच इंस्टाग्राम पर बातचीत होने लगी। महिला ने आरोप लगाया कि इंस्टाग्राम पर बात करने वाले ने उसके बेटे को झांसे में लेकर उसके मोबाइल फोन से अलग-अलग बैंक खातों से 831510 रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए। उसने पुलिस को अपने बैंक खातों की डिटेल भी मुहैया कराई थी। पुलिस ने महिला की शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में गुरावड़ा निवासी आकाश को गिरफ्तार कर लिया।



**रेवाड़ी।** नाबालिग से लाखों रुपये की ठगी का आरोपी। फोटो : हरिभूमि

**लड़की बनकर करता था बात**

पूछताछ के दौरान आरोपी आकाश ने बताया कि वह नाबालिग के साथ इंस्टाग्राम पर लड़की बनकर बात करता था। उसे चंगुल में फंसाकर वह उससे पैसे ट्रांसफर कराता रहा। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

## योगेश हत्याकांड में एक और आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

*मामले में पुलिस दो भाइयों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बावल

कसोला थाना पुलिस ने 27 अगस्त की रात बोलनी गांव में पीट-पीटकर की गई युवक योगेश की हत्या के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस दो भाइयों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

योगेश रात के समय अपने दोस्तों के पास गांव के स्कूल के पास बैठकर शराब पी रहा था। इस दौरान कुछ लोगों ने उसके साथ जमकर मारपीट की थी। पता चलने के बाद परिजनों ने उसे अस्पताल में दाखिल कराया था, जहां उसकी मौत हो गई थी। कसोला पुलिस ने उसके ताऊ रामकिशन के बयान पर हत्या का केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने गांव के दो युवकों देवेंद्र और उसके भाई सुमित को पहले ही गिरफ्तार कर लिया। अब इस मामले में पुलिस ने राजस्थान के बीरनवास निवासी जोगेंद्र को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी जोगेंद्र को यूपी के मथुरा से गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया।



**रेवाड़ी।** योगेश हत्याकांड में गिरफ्तार तीसरा आरोपी पुलिस टीम के साथ।

## शहीद स्मारक पर किया गया रणबांकुरों को याद

- कोसली में पहली बार रेजांगला दिवस मनाने की परंपरा की शुरूआत की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कोसली

कोसली गांव व क्षेत्र के सैकड़ों पूर्व सैनिकों व आम नागरिकों ने रेजांगला दिवस पर कोसली स्थित शहीद पर स्मारक पर पहुंचकर रेजांगला में बलिदान हुए वीरों को श्रद्धांजलि दी। कोसली में पहली बार रेजांगला दिवस मनाने की परंपरा की शुरूआत की गई। कोसली क्षेत्र का इतिहास वीरता ,बलिदान व शौर्य की गाथाओं से भरा हुआ है इसीलिए इसे सैनिकों और रणबांकुरों की खान कहा जाता है। कोसली की वीरता की यात्रा राजा कौशल सिंह को बाबा मुक्तेश्वरपुरी महाराज के आशीर्वाद से प्रारंभ होकर प्रथम विश्व युद्ध में 247 वीरों के योगदान व अनेकों शौर्य पदक से होती हुई आज भी निरंतर जारी है। अनेकों अन्य सम्मान कोसली के मस्तक को सुशोभित करते हैं। कोसली का प्राचीन बाबा मुक्तेश्वरपुरी मठ,एक शताब्दी पुराना स्कूल, सैनिक रेस्ट हाउस हो, सैनिक कैंटीन, सैनिक हास्पिटल, पूर्व सैनिक संगठन लीग, सभी वीरता व राष्ट्र प्रेम के लिए प्रेरित करते है।



**कोसली।** शहीद स्मारक पर मौजूद क्षेत्र के पूर्व सैनिक। फोटो : हरिभूमि

**मौके पर ये मौजूद रहे**

इस अवसर पर आयोजक मंडल के संरक्षक कर्नल सुधीर यादव ,अध्यक्ष कैप्टन करतार सिंह,कैप्टन सुभाष यादव, कप्तान चांद सिंह, कैप्टन सुरेंद्र सिंह ,कैप्टन सहीराम यादव, कैप्टन रणवीर सिंह, कैप्टन प्रताप सिंह, एचएफओ युद्धवीर सिंह, सूबे.मे. जगदीश यादव, सूबे.मे.राजेंद्र, सूबे.मे.सर्व सुख, सूबे.मे.राज सिंह, सूबे.महेंद्र सिंह , सूबे.राजेंद्र सिंह, ग्रेनेडियर सुभाष साध मौजूद रहे। वक्ताओं ने रेजांगला योद्धाओं को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की तथा कोसली में रेजांगला दिवस मनाने की परंपरा को प्रारंभ करने के लिए आयोजक मंडल का आभार व्यक्त किया।

---

**एक्यूआई में सुधार के बावजूद आसमान में छा रहा धुआं, महज कागजों में हो रही ग्रैप की नियमों की पालना**


# कड़ाके की ठंड की ओर बढ़ रहा मौसम, आज बादल छाने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

तापमान सामान्य से कम रहने के कारण इस बार नवंबर माह के शुरू में ही ठंड ने दस्तक दे दी थी। अब मौसम कड़ाके की ठंड की ओर बढ़ रहा है। माह के अंत तक पारा जमाव बिंदु के आसपास पहुंचने की संभावना है। एक्यूआई में कमी के बावजूद प्रदूषण का स्तर बढ़ा हुआ है, जिससे आसमान में धुआं साफ झलकता है। बुधवार को आसमान में आंशिक या घने बादल छाने की संभावना है। मंगलवार को सुबह से ही मौसम साफ रहने के कारण तेज धूप तो खिली, लेकिन आसमान में धुएं की चादर बनी रही। अधितम तापमान 27.2 डिग्री और न्यूनतम 7.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवाओं की गति 11 किलोमीटर प्रति घंटा रही, जबकि नमी का स्तर कम होकर 31 प्रतिशत पर आ गया। गत वर्ष की तुलना में इस बार तापमान कम चल रहा है। गत वर्ष 18 नवंबर को न्यूनतम तापमान 12.5 डिग्री और अधिकतम 24.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। हवा में नमी का स्तर इस समय कम हो गया है।

मौसम विभाग के अनुसार 19 नवंबर को आसमान में आंशिक या घने बादल छा सकते हैं। बारिश की अभी कोई संभावना नहीं है।

बादल छाने के बाद तापमान में वृद्धि हो सकती है। इसके बाद माह के अंत तक तापमान में ज्यादा गिरावट आने की संभावना है। हवा में नमी बढ़ने से कड़ाके की ठंड जमकर परेशान कर सकती है। सुबह और शाम के समय ठंड का असर ज्यादा रहता है। अभी तक दिन में तेज धूप रहने के कारण शाम तक ठंड का असर कम हो जाता है।





**रेवाड़ी।** मंगलवार सुबह सड़क पर छाया धुआं, एक खेत में जमीन से बाहर आ रही गेहूं की फसल। फोटो : हरिभूमि

**सुबह के समय प्रदूषण ज्यादा**

मौसम ठंडा होने के कारण सुबह के समय प्रदूषण का असर ज्यादा बना रहता है। आसमान में धुआं छाया रहता है। तेज धूप खिलने के बाद एक्यूआई में गिरावट दर्ज की जाती है, परंतु सूर्यास्त के बाद प्रदूषण का स्तर फिर से बढ़ना शुरू हो जाता है। मंगलवार को सुबह के समय धारूहेड़ा का एक्यूआई 200 के आसपास बना रहा, जो दोपहर बाद तक कम होकर 150 के करीब आ गया। ग्रैप की पाबंदियां सिर्फ कागजों में लागू हो रही हैं। इन पाबंदियों को अभी तक सख्ती से लागू नहीं कराया जा रहा है। आने वाले दिनों में प्रदूषण का स्तर और बढ़ने की संभावना है।

**खेती के लिए अनुकूल बना मौसम**

अभी तक मौसम फसलों के लिए अनुकूल बना हुआ है। सरसों की अगेती फसल का तेजी से विकास हो रहा है। अगेती सरसों जमीन से काफी ऊपर उठ चुकी है। गेहूं की अगेती फसल भी जमीन से बाहर आने लगी है। दोनों फसलों को ठंड की दरकार होने के कारण मौसम का फायदा मिल रहा है। किसान सरसों की सिंचाई करने में लगे हुए हैं। इस समय उन्हें बरसात का बेसब्री से इंतजार है। अगर जल्द बारिश होती है, तो इससे दोनों फसलों को अच्छा फायदा मिलेगा।



## पाकिस्तान के मंसूबों को नाकाम करने निकले रणवीर, माधवन ने बनाई रणनीति

**नई दिल्ली।** रणवीर सिंह की आगामी फिल्म 'धुरंधर' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। इसमें रणवीर के अलावा अक्षय खन्ना, आर माधवन, संजय दत्त और अर्जुन रामपाल जैसे धुरंधर भी अहम भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 05 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर के शुरुआती दृश्य में अर्जुन रामपाल नजर आते हैं। संवाद सुनाई देते हैं, '1971 की जंग के बाद पाकिस्तान में बड़ा उदास सा माहौल था। ट्रेलर में फिर एंट्री होती है रणवीर सिंह और आर.माधवन की, जो पाकिस्तान के मंसूबों को नाकाम करने की रणनीति बनाते हैं। वहां से आतंकवाद का खात्मा करने की बात करते हैं। रणवीर मिशन पर निकले हैं। माधवन उनसे कहते हैं, 'सर, मुंह तोड़ने के लिए मुट्ठी बंद करना जरूरी है। वह भारत के खिलाफ अगर नींद में भी सोचे तो उसके ख्वाब में भी हम भारत में बैठे नजर आने चाहिए'।

लाइफ Style



## सारा देइवा थिरुमगल ने दिलाई पहचान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

2005 में जन्मी सारा अर्जुन एक्टर राज अर्जुन की बेटी हैं और चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर काम की शुरुआत कर चुकी हैं। वह सिर्फ 1 साल की थीं जब वह अपने माता-पिता के साथ एक मॉल गई थीं। एक ऐड फिल्म मेकर की नजर पड़ी और उन्हें उनका पहला कमर्शियल मिल गया। उन्हें 2011 की तमिल फिल्म देइवा थिरुमगल ने खूब पहचान दिलाई।


सारा अर्जुन विक्रम की बेटी का किरदार निभाया था। इन सालों में वह एक थी डायन, सैवम और सांड की आंख में नजर आईं। रणवीर सिंह की मच अवेटेड फिल्म धुरंधर का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। डायरेक्टर आदित्य धर की इस फिल्म ने फाइनली अपनी एक दमदार झलक पेश की और सोशल मीडिया पर संसेशन क्रिएट की। सोशल मीडिया पर फिल्म के एक्शन, डायलॉग से लेकर लुक्स तक की चर्चा हो रही है। इस बीच रणवीर सिंह और सारा अर्जुन की जोड़ी की भी बातें हैं। सारा जो कि 20 साल की हैं पहली बार बतौर लीड एक्ट्रेस पर्दे पर आ रही हैं और वो भी सीधे रणवीर सिंह के साथ। रणवीर बड़े स्टार होने के साथ साथ उम्र में भी सारा से बड़े हैं। रणवीर से फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर सारा और अपने एज डिफ्रेंस और उनके साथ काम करने के एक्सपीरियंस को लेकर बात की। ट्रेलर लॉन्च पर रणवीर ने सारा अर्जुन की तारीफ करते हुए कहा, मैं बहुत लकी हूं कि तुम्हारी इस स्पेशल मोमेंट का हिस्सा हूं, सारा अपने काम में बहुत माहिर हैं। आपको धीरे-धीरे पता चल जाएगा। कभी डकोटा फैनिंग हॉलीवुड में आईं। आज सारा इस बात को साबित करती हैं कि इस पोजीशन तक पहुंचने के लिए आपको कई हजार कैंडिडेट्स को पीछे छोड़ना पड़ता है।

### हॉलीवुड मसाला



## टॉम क्रूज ने जीता अपना पहला ऑस्कर

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर हॉलीवुड एक्टर टॉम क्रूज को 'गवर्नर्स अवाइर्स' में अपना पहला ऑस्कर मिला। 16 नवंबर को हॉलीवुड के रे डॉल्बी बॉलरूम में कोरियोग्राफर और एक्टर डेबी एलन और प्रोडक्शन डिजाइनर व्यान थॉमस को भी इस स्टार-स्टडेड समारोह में सम्मानित किया गया। एक्टर को मिशन इम्पॉसिबल सीरीज और टॉप गन फ्रेंचाइजी जैसी बड़ी फिल्मों में शानदार अभिनय के लिए जाना जाता है। एक्टर को वो अवॉर्ड फिल्म निर्माता एलेजांद्रो जी. इनारिटु ने दिया अवॉर्ड लेते वक्त 63 वर्ष के एक्टर टॉम क्रूज ने उन सभी लोगों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने फिल्मों को संभव बनाया। एक्टर ने अपने भाषण में कहा, 'सिनेमा मुझे दुनिया भर में ले जाता है।





## अकादमी अवॉर्ड्स के लिए जा रही 'ह्यूमन्स इन द लूप'

**लॉस एंजिल्स।** 'ह्यूमन्स इन द लूप' झारखंड की रहनेवाली एक आदिवासी महिला नेहमा की कहानी है। उसके दुकू विवाह और एआई के युग में उसकी परेशानियों को लेकर है। अरण्य सहाय के डायरेक्शन में बनी फीचर फिल्म 'ह्यूमन्स इन द लूप' को आईएमडीबी पर 7.5 रेटिंग मिली है। इसे फिल्म इंडिपेंडेंट स्लोन डिस्ट्रीब्यूशन ग्रांट से सम्मानित किया गया है, क्योंकि यह फिल्म अकादमी अवॉर्ड्स के लिए जा रही है। फिल्म इंडिपेंडेंट और अल्फ्रेड पी. स्लोन फाउंडेशन द्वारा दिया जाने वाला स्लोन डिस्ट्रीब्यूशन ग्रांट, उन फिल्मों को मिलता है, जो विज्ञान या टेक्नोलॉजी के विषयों या किरदारों से जुड़ी होती हैं। अमेरिका में सिनेमाघरों में रिलीज होने और दूसरे अन्य मानदंडों को पूरा करने के बाद, यह फिल्म आधिकारिक तौर पर 98वें ऑस्कर अवॉर्ड के लिए जा रही है, जहां यह बेस्ट ऑरिजनल स्क्रीनप्ले कैटेगरी में टक्कर देगी।



## बड़े मियां छोटे मियां ने फ्लॉन्ट किए सिक्स-पैक एब्स

**मुंबई।** बॉलीवुड की सुपरफिट जोड़ी अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ ने एक बार फिर सोशल मीडिया पर धमाल मचा दिया है। दोनों मुंबई के जुहू बीच पर शर्टलेस नजर आए। दोनों समंदर में जमकर मस्ती करते दिखे और अपनी परफेक्ट बॉडी फ्लॉन्ट की। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। अक्षय कुमार ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो शेयर किया। इस वीडिया में अक्षय के साथ एक्टर टाइगर श्रॉफ भी शर्टलेस नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में अक्षय और टाइगर के अलावा कई लोग समंदर में वॉक करते दिख रहे हैं। इस वीडियो के साथ अक्षय ने मजेदार कैप्शन लिखा 'ओशन्स 9 जुहू बीच एडिशन'। इस वीडियो में दोनों की परफेक्ट सिक्स-पैक एब्स देखकर फैंस हैरान रह गए हैं। 58 साल की उम्र में अक्षय कुमार की शानदार फिटनेस देखकर फैंस खुद को कमेंट्स करने से रोक नहीं पाए।



## एनबीके 111 से सामने आया नयनतारा का शाही लुक

**मुंबई।** साउथ लेडी सुपरस्टार नयनतारा अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण की आगामी ऐतिहासिक फिल्म 'एनबीके 111' में नजर आएंगी। फिल्म से नयनतारा का खास लुक शेयर किया गया, जिसमें वह शाही लुक में नजर आईं। कैप्शन में लिखा, 'वह रानी जो महासागरों की शांति और तूफानों के प्रकोप को वहन करती है।' एनबीके 111 का निर्देशन गोपीचंद मालिनेनी कर रहे हैं। यह ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म है। एनबीके111 के अलावा नयनतारा निर्देशक अनिल रविपुडी की आगामी पारिवारिक मनोरंजक फिल्म 'मन शंकर वर प्रसाद गरु' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ मेगास्टार चिरंजीवी नजर आएंगी। इन फिल्मों के अलावा नयनतारा साउथ स्टार यश के साथ फिल्म 'टॉक्सिक' में नजर आएंगी।

### टीवी मसाला

## विशाल 25 साल की कोशिश के बाद पहुंचे कौन बनेगा करोड़पति में

**नई दिल्ली।** 'कौन बनेगा करोड़पति सीजन 17' को अमिताभ बच्चन होस्ट कर रहे हैं। बीते एक एपिसोड में जहां 'फैमिली मैन 3' की कास्ट मनोज बाजपेयी, जयदीप अहलावत और शरीब हाश्मी आए थे। वहीं, अब 'इंडियन आइडल' के जज विशाल ददलानी भी बतौर गेस्ट शो में पहुंचे हैं और वहां से फोटो खींचकर इंस्टाग्राम पर शेयर कर जानकारी दी है।



बताया कि उनका 25 साल पुराना सपना सच हो गया। विशाल ददलानी अब अमिताभ बच्चन द्वारा होस्ट किए जाने वाले 'कौन बनेगा करोड़पति 17' की हॉट सीट पर बैठेंगे। विशाल ने सोशल मीडिया पर बताया कि केबीसी में आना उनके लिए एक सपने के सच होने जैसा है। गायक ने उस समय के बारे में याद करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने शो में आने के लिए मैसेज भेजे थे। विशाल ने लिखा, 'यह 25 साल पुराना सपना सच हो गया। मैं हमेशा से कौन बनेगा करोड़पति में आना चाहता था। सिंगर ने केबीसी में पहुंचने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'मैं मैसेज भेजता था, टीवी पर फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट गेम खेलता था और पूरी कोशिश करता था। और, फाइनली मैं पहुंच ही गया।' विशाल ने सोनी टीवी को उन्हें हॉट सीट पर भेजने के लिए थैंक यू कहा। साथ ही अमिताभ बच्चन को भी शुक्रिया बोला। जैसे ही विशाल और अमिताभ बच्चन की फोटो सोशल मीडिया पर सामने आई, लोगों के रिएक्शन भी आने शुरू हो गए। फराह खान ने लिखा, 'उम्मीद करती हूं कि तुमने कुछ पैसे भी जीते होगे।' इस पर विशाल ने मजाकिया अंदाज में लिखा, 'मुझे लगता है कि ये पैसे ऐसे उद्देश्य के लिए हैं, जिसे आप एक्सेप्ट करेंगी फरहा।' वहीं, बाकियों ने शुभकामनाएं और बधाई दी। कहा कि दो दिग्गज को एक साथ देखना दिलचस्प होगा।

### अनुपमा में आएगा लीप? एक्ट्रेस बनेगी तोषू-पाखी की मां

नई दिल्ली। टीवी सीरियल अनुपमा का नया प्रोमो वीडियो मेकर्स ने जारी कर दिया है। अनुपमा को उसके डांस ने मुंबई में कामयाबी दिलाई और उसकी कुकिंग ने विदेश में सक्सेस दिलवाई, लेकिन अब बारी आई है



उसके एक और टैलेंट को दुनिया के सामने आने की। टीआरपी टॉपर सीरियल ने फिर एक बार रफ्तार पकड़ी है और अनुपमा अपनी पोतियों को लेकर मुंबई आ चुकी है। लेकिन, नया प्रोमो वीडियो हिंट दे रहा है कि अनुपमा अब एक्ट्रेस बनने की तरफ बढ़ेगी। नए प्रोमो वीडियो में दिखाया गया है कि अनुपमा फिल्म सिटी में शूटिंग देखने जाएगी और यहां पर एक डायरेक्टर उससे कहेगा, 'अब से यही आपकी नई दुनिया है अनुपमा जी।' माना जा रहा है कि अनुपमा को उसका डांस कामयाबी दिलाएगा और एक्टिंग के मामले में भी वो झंडे गाढ़ेगी। नए प्रोमो वीडियो के बैकग्राउंड में अनुपमा कहती है, 'यह मुंबई नगरी है। सपनों की नगरी, मेरे सपने पूरे करने का वक्त आ गया है।' प्रोमो के बैकग्राउंड में बताया गया है- फिल्मी दुनिया में अनुपमा का क्या काम? कमेंट सेक्शन में लोगों ने कयास लगाए हैं कि कहानी में आगे उन्हें कौन से ट्विस्ट और टर्न्स देखने को मिल सकते हैं।

## 25 थिएटर में रिलीज और कमाई 3858 करोड़

**नई दिल्ली।** हॉरर फिल्म देखने का अपना अलग मजा है। हॉरर फिल्में सस्पेंस और डर से भरी होती हैं। कुछ हॉरर फिल्में तो ऐसी हैं, जिन्हें अकेले देखने में पसीने छूट जाते हैं। अगर गलती से कोई हॉरर फिल्म रात में देख ली तो वॉशरूम जाना भारी पड़ जाता है और डर के मारे नींद नहीं आती, वो अलग। अब हॉरर फिल्मों में कॉमेडी मसाला एड किया जा रहा है, जिससे फिल्म के हॉरर सीन पर कम और कॉमेडी पर ज्यादा ध्यान जा रहा है। लेकिन, पहले की हॉरर फिल्में सिर्फ और सिर्फ डरावनी हुआ करती थीं। ऐसे में हम आपको बताने जा रहे हैं उस हॉरर फिल्म के बारे में, जिसे आप गलती से भी अकेले में मत देख लेना. क्योंकि यह गूगल पर यह सबसे डरावनी फिल्म है।

इस फिल्म को देखने के बाद महीनों तक कांपी लोगों की रूह



### दुनिया की सबसे डरावनी फिल्म

*बॉलीवुड में बीते साल स्त्री 2 और मुंज्या जैसी हॉरर कॉमेडी फिल्मों ने एंटरटेन किया था, लेकिन जिस फिल्म के बारे में हम बता रहे हैं वो आज से 51 साल पहले रिलीज हुई थी। इस फिल्म को आज भी दुनिया की सबसे डरावनी फिल्म कहा जाता है। गूगल पर सबसे डरावनी फिल्म सर्च करने पर इस फिल्म का ही नाम आता है। इस फिल्म को एक तरह से शापित भी माना गया है। साल 1973 में रिलीज हुई मोस्ट हॉरर फिल्म का नाम 'द एक्सॉर्सिस्ट' है, जो कई देशों में बैन हुई थी। यह हॉरर फिल्म विलियम पीटर के उपन्यास पर बेस्ड है। कहा जाता है कि इस फिल्म को देखने के बाद कई लोगों को सदमा तक लगा गया था। ऐसे में यह फिल्म आयरलैंड, इंग्लैंड और स्कॉटलैंड में बैन हो गई थी।*

### कहानी में है एक मासूम बच्ची

हॉरर फिल्म 'द एक्सॉर्सिस्ट' की कहानी बेहद खौफनाक है। फिल्म की कहानी में एक मासूम बच्ची है, जिस पर एक बुरी आत्मा कब्जा कर लेती है। इस बच्ची की मां एक एक्ट्रेस हैं, जो अपनी बेटी की अजीबो-गरीब हरकतों से परेशान हो जाती है। एक्ट्रेस मां अपनी बच्ची को पादरी को दिखाती है और बच्ची पर चढ़े भूत का असर खत्म करवाती है। इस फिल्म का एक-एक सीन रुह कंपा देने वाला है।

## अर्पिता ने शेयर कीं सलीम-सलमा की वेडिंग एनिवर्सरी की इनसाइड तस्वीरें

**मुंबई।** सलमान खान के माता-पिता सलीम खान और सलमा खान (सुशीला चरक) की शादी को 61 साल हो गए हैं। बीती रात परिवार में भव्य अंदाज में दोनों की शादी की सालगिरह मनाई गई। इसी दिन घर की छोटी बेटी अर्पिता खान और आयुष शर्मा की भी वेडिंग एनिवर्सरी होती है। फंक्शन में दोनों जोड़े ने अपनी लाइफ का यह खूबसूरत लम्हा सेलिब्रेट किया, जिसमें पूरा खान परिवार शामिल रहा। अर्पिता खान की शादी एक्टर आयुष शर्मा के साथ हुई है। दोनों साल 2014 में शादी के बंधन में बंधे। कल सलीम और सलमा खान की वेडिंग एनिवर्सरी के साथ-साथ अर्पिता और आयुष की एनिवर्सरी भी सेलिब्रेट की गई।



### तस्वीरों में तीन खान ब्रदर्स

फंक्शन में दो केक काटे गए। एक सलीम खान और सलमा ने काटा और दूसरा केक अर्पिता खान व आयुष शर्मा ने काटा। अर्पिता खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर वेडिंग एनिवर्सरी की इनसाइड फोटोज शेयर की हैं। तस्वीरों में तीन खान ब्रदर्स- सलमान खान, सोहेल खान, अरबाज खान नजर आ रहे हैं। इसके अलावा सलमान की बहन अलवीरा का परिवार देखा जा सकता है। कुछ करीबी दोस्त और इंडस्ट्री के लोग भी जश्न में शामिल रहे। सोनाक्षी सिन्हा अपने पति जहीर इकबाल के साथ पहुंचीं। फंक्शन में अर्पिता और सोहेल के साथ उन्होंने क्वालिटी टाइम बिताया। सलीम खान और सुशीला चरक की शादी 18 नवंबर 1964 को हुई। वहीं, आयुष शर्मा और अर्पिता खान शर्मा ने 18 नवंबर 2014 को शादी रचाई।

### अच्छे अभिनय और मेहनत से मिलती है कामयाबी

## पहली ही फिल्म से इंडस्ट्री पर छाईं ये अभिनेत्रियां; आज भी दर्शक हैं दीवाने

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियां ऐसी हैं, जो डेब्यू फिल्म से ही इंडस्ट्री पर छा गईं। इनमें से कई ऐसी एक्ट्रेसेस भी हैं जो फिल्मी दुनिया के बैकग्राउंड से नहीं आती हैं हालांकि उन्होंने अपनी मेहनत के दम पर बॉलीवुड में अपनी जगह बनाई है। इन लोगों ने साबित किया कि अच्छे अभिनय और मेहनत से कामयाबी मिलती है।



### दीपिका

दीपिका पादुकोण ने शाहरुख खान के साथ फिल्म 'ओम शांति ओम' (2007) से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। फिल्म में उनके भाव और अभिनय ने लोगों को अपना दीवाना बना दिया था। फिल्म में वह ग्लैमरस और मासूम दिखीं। इस फिल्म के बाद से उन्होंने बॉलीवुड को कई बेहतरीन फिल्में दीं।

### भूमिका

भूमिका चावला उन अभिनेत्रियों में शामिल हैं जो रातों-रात स्टार बन गईं। वह साल 2003 में फिल्म 'तेरे नाम' में सलमान खान के साथ नजर आई थीं। फिल्म में उनके अभिनय और भाव ने दर्शकों को मदहोश कर दिया। पहली फिल्म से उन्होंने ऐसी छाप छोड़ी कि वह एक अनुभवी अभिनेत्री के तौर पर जानी जाने लगीं।





### प्रीति

1998 में रिलीज हुई फिल्म 'दिल से' से प्रीति जिंटा ने बॉलीवुड में कदम रखा। फिल्म में उनके अभिनय ने दर्शकों का दिल जीत लिया। फिल्म की कहानी के हिसाब से उन्होंने जो अभिनय किया वह अपने आप में मिसाल है। इस फिल्म के बाद प्रीति जिंटा, शाहरुख खान के साथ 'वीर जारा' और 'कल हो ना हो' में नजर आईं।



### अनुष्का

शाहरुख खान की फिल्म 'रब ने बना दी जोड़ी' (2008) से अनुष्का शर्मा ने बॉलीवुड में कदम रखा। इस फिल्म में उन्होंने अपने अभिनय से लोगों को अपना कायल बना लिया। वह किसी भी फिल्मी परिवार से नहीं आती हैं लेकिन बॉलीवुड में उन्होंने अपने अभिनय के बल अपनी जगह बनाई।

### ग्रेसी

आमिर खान की चर्चित फिल्म 'लगान' (2001) से ग्रेसी सिंह ने बॉलीवुड में कदम रखा। फिल्म में उन्होंने बहुत ही सधी हुई अदाकारी की। इसमें उनके पारंपरिक लुक और उनकी मुस्कान की दर्शकों ने खूब तारीफ की। उन्होंने साबित किया कि अच्छी अदाकारी करने वाले



## इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में चल रहे दो दिवसीय इंटर जोनल युवा महोत्सव

# 'हिंडोला' में फोक डांस पर थिरके युवाओं के कदम
# कलाकारों ने दूसरे दिन भी दिखाया अपना जलवा






मीरपुर। हिंडोला में अपनी प्रस्तुतियां देते हुए कलाकार व महोत्सव का आनंद उठाते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में चल रहे दो दिवसीय इंटर जोनल युवा महोत्सव हिंडोला 2025 में प्रतिभागियों ने बड़े उत्साह, ऊर्जा सांस्कृतिक विविधता की शानदार प्रस्तुतियों के साथ अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया।

हरियाणा के जाने-माने कलाकार रामकेश जीवनपुर वाला, डॉ. श्याम शर्मा, विश्वजीत चौधरी, शालू, अमित सैनी, मिस मनजीत, सोमवीर कथूरवाल ने हरियाणवी संस्कृति के संगीतों से युवा महोत्सव में उपस्थित सभी विद्यार्थियों, अतिथियों और दर्शकों को आनंदित कर दिया। उनके ऊजार्वान गीतों और लोकझ्रधुनों ने पूरे वातावरण को जोश, उत्साह और सांस्कृतिक रंगों से भर दिया। मंगलवार को स्टेज नंबर 1 पर स्किट, स्टैंड अप कॉमेडी, फोक/ट्राइबल डांस, रैंप वॉक मेल, रैंप वॉक फीमेल प्रतिस्पधार्ओं का आयोजन किया गया। स्टेज नंबर 2 पर कव्वाली, रिचुअल्स, माइम एवं स्टेज नंबर तीन पर क्लासिकल डांस, लाइट स्वर इंडियन, ग्रुप सोंग इंडियन, स्टेज नंबर 4 पर हरियाणवी फोक सॉन्ग सोलो, पोएटिक इंग्लिश, पोएटिक हिंदी, स्टेज नंबर 5 पर क्विज (प्री), डिबेट हिंदी, डिबेट अंग्रेजी, क्विज (मेंस) एवं स्टेज नंबर 6 पर कोलाज, पोस्टर मेकिंग, रंगोली प्रतिस्पधार्ओं का आयोजन किया गया। नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को नशा न करने की प्रति जागरूक करते हुए शपथ दिलाई गई।

> हरियाणवी संस्कृति के संगीतों से युवा महोत्सव में उपस्थित सभी विद्यार्थियों, अतिथियों और दर्शकों को आनंदित किया



मीरपुर। कार्यक्रम में मौजूद चीफ गेस्ट व अन्य। फोटो : हरिभूमि

# इलाके के चहुंमुंही विकास पर आरती राव का पूरा फोकस



रेवाड़ी। आरती राव का स्वागत करते हुए भाजपा नेता अनिल रायपुर।

- सीएम ने समूचे अहीरवाल क्षेत्र के रणबांकुरों को सम्मान देने का काम किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

इंसाफ मंच के आजीवन सदस्य और वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल रायपुर ने कहा कि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की तर्ज पर उनकी बेटी आरती राव का दक्षिणी हरियाणा के विकास पर पूरा फोकस है। नारनौल के कोरियावास में महर्षि च्यवन ऋषि मेडिकल कॉलेज की बिल्डिंग का नाम राव तुलाराम के नाम पर किए जाने की सीएम नायब सिंह सैनी की घोषणा आरती सिंह राव के प्रयासों का ही परिणाम है। राव तुलाराम के नाम से बिल्डिंग का नामकरण करने की घोषणा से सीएम ने समूचे अहीरवाल क्षेत्र के रणबांकुरों को सम्मान देने का काम किया है।

मंगलवार को एक बयान में भाजपा नेता ने कहा कि प्रदेश की कैबिनेट मंत्री बनने के बाद एक साल में ही आरती सिंह राव ने जिस तरह से अहीरवाल क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को विस्तार दिया है, वह काफी सराहनीय है। पूर्व में दक्षिणी हरियाणा को विकास के मामले में लगातार वंचित रखा गया, परंतु अब इस क्षेत्र में जमकर विकासकार्य हो रहे हैं। आरती राव इस क्षेत्र के सरकारी अस्पतालों की दशा सुधारने के लिए आए दिन नए-नए फैसले ले रही है, जिससे आम लोगों के लिए सरकारी अस्पतालों में बेहतर इलाज संभव हो पा रहा है। कोरियावास कॉलेज की बिल्डिंग का नाम राव तुलाराम के नाम पर कराकर आरती राव ने इसका विरोध करने वाले लोगों के मुंह पर तमाचे का काम किया है। सीएम की इस घोषणा से समूचे अहीरवाल क्षेत्र में खुशी की लहर देखने को मिल रही है। उन्होंने आरती सिंह राव और सीएम नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया है।

## खबर संक्षेप

### खेल उत्सव में सबसे तेज दौड़ा गगन

**रेवाड़ी।** ज्ञानदीप स्कूल मोहनपुर ने एक बार फिर खेल क्षेत्र में अपना परचम लहराया है। विद्यालय के कक्षा 12 के प्रतिभाशाली छात्र गगन ने अलवर संसदीय खेल उत्सव में आयोजित 1500 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया है। कड़ी प्रतिस्पर्धा वाले इस आयोजन में गगन ने बेहतरीन गति, धैर्य और मजबूत इच्छाशक्ति का परिचय देते हुए सभी प्रतिभागियों को पीछे छोड़ दिया।

### कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में आज जान फूकेंगे जगदीश

**रेवाड़ी।** पूर्व मंत्री व कांग्रेसी नेता जगदीश यादव 19 नवंबर को बेरली स्थित पेट्रोल पंप पर कार्यकर्ताओं और कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक लेंगे, जिसे पार्टी के जिला प्रभारी रघुबीर भारद्वाज बतौर मुख्यातिथि संबोधित करेंगे। बैठक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई जान फूंकने के प्रयास किए जाएंगे।

कोसली हलका जगदीश यादव का पुराना गढ़ रहा है। हलके में जगदीश का पार्टी कैडर से अलग अपना व्यक्तिगत जनाधार भी है।

### पिता की पुण्यतिथि पर वितरित की लेखन सामग्री

**कोसली।** शहीद धर्मसिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लुखी में कार्यरत प्रवक्ता श्रीभगवान बव्वा ने अपने स्वर्गीय पिता भोलाराम की तीसरी पुण्यतिथि पर विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को अपने निजी कोष से लेखन सामग्री वितरित की।

इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेन्द्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे एवं कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता सुनील यादव ने किया।

### लोगों ने ली नशा न करने की शपथ

**रेवाड़ी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर शुरू की गई नशा मुक्त भारत अभियान की मुहिम की आज पांचवी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में डीसी अभिषेक मीणा के निर्देशन व जिला समाज कल्याण अधिकारी रेनू बाला के नेतृत्व में जिला रेवाड़ी के विभिन्न संस्थानों में नागरिकों को नशा न करने व जिला रेवाड़ी को नशा मुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई। इस कड़ी में इन्दिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के एल पी कालेज रेवाड़ी बाल भवन रेवाड़ी विभिन पुलिस थानों के साथ-साथ आंगनबाड़ी केन्द्रों में भी हजारों लोगों को शपथ दिलाई गई।

# एनएचएआई की जमीन पर बनी झुग्गियां हटाई

- नोटिस के बाद पुलिस ने हटवाया अतिक्रमण
- आपराधिक किस्म के लोगों के आश्रय स्थल साबित हो रही थीं झुग्गियां



बावल। बनीपुर चौक के पास झुग्गियां हटवाती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर कसोला चौक से बनीपुर चौक व कई अन्य स्थानों पर एनएचएआई की जमीन पर बनी झुग्गियों को मंगलवार को पुलिस बल की मौजूदगी में साफ करा दिया गया। एसडीएम के आदेश पर की गई इस कार्रवाई से पहले झुग्गियों में रहने वाले लोगों को नोटिस भी जारी किए गए थे। इन झुग्गियों में आपराधिक किस्म के लोगों के पनाह लेने की आशंका भी लगातार बनी हुई थी। एनएचएआई के दोनों ओर अनाधिकृत रूप से बड़ी संख्या में अप्रवासी लोगों ने झुग्गियां डाली हुई थीं। इनमें कुछ परिवार ऐसे हैं जो मेहनत मजदूरी से अपना पेट पाल रहे हैं। इन झुग्गियों में आपराधिक किस्म के लोगों के शरण लेने की आशंका भी बनी रहती है। पूर्व में कई बार पुलिस कार्रवाई के दौरान चोरी व अन्य वारदातों में झुग्गियों में रहने वाले लोगों की भूमिका सामने आ चुकी है। झुग्गियां एनएचएसआई की जमीन पर बनी हुई थीं, इसलिए इन्हें हटवाने की जिम्मेदारी भी प्राधिकरण की ही थी। पुलिस ओर से एनएचएआई के अधिकारियों को पूर्व में इन झुग्गियों को हटवाने के लिए पत्र भी लिखा गया था। इसके बाद एनएचएआई जयपुर जोन के प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने मौका मुआयना करते हुए अपनी रिपोर्ट पेश की थी।

### तीन दिन पूर्व दिए गए थे नोटिस

एनएचएआई की ओर से अवैध रूप से प्राधिकरण की जमीन पर अतिक्रमण करने वाले लोगों को 15 नवंबर को ही नोटिस जारी किए थे। इनमें साफ किया गया था कि प्राधिकरण की जमीन को तुरंत खाली किया जाए। इसके बावजूद झुग्गियों में रहने वाले लोगों ने खुद अतिक्रमण नहीं हटाया। एसडीएम के आदेश पर कसोला पुलिस ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए इन झुग्गियों को साफ करा दिया गया।

# अंतराष्ट्रीय गीता महोत्सव को लेकर डीसी ने ली संगठनों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

शहर में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 शहर के बाल भवन परिसर में 29 नवंबर से 1 दिसंबर तक हर्षोल्लास व धार्मिक श्रद्धा की भावना के साथ मनाया जाएगा। इस महोत्सव को भव्य एवं विशाल रूप देने के लिए नगर की सामाजिक और धार्मिक संगठनों की आयोजन में अहम भूमिका रहेगी। डीसी अभिषेक मीणा ने मंगलवार को लघु सचिवालय सभागार में तीन दिवसीय गीता महोत्सव की तैयारियों को लेकर सामाजिक व धार्मिक संगठनों की आयोजित हुई बैठक को संबोधित करते ये शब्द कहे। डीसी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव पूर्ण रूप से गीता के महत्व और उसके ज्ञान को प्रदर्शित करेगा।



सामाजिक व धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते डीसी अभिषेक मीणा।

### बैठक में ये मौजूद रहे

इस अवसर पर नगर परिषद के एक्सईएन अंकित वशिष्ठ, नगर परिषद के वाइस चेयरमैन श्यामलाल चुघ, समाजसेवी रत्नेश बंसल, अजय मित्तल, सत्यवीर सिंह, नरेंद्र, बीके बृजेश, नीतू, प्रीतपाल सिंह, अनिल कुमार, प्रदीप कुमार, धर्मचंद, अनंगपाल चौहान, जियो गीता से संजीव दुआ, कृपाल सिंह, के.एम. गुप्ता, मनिंद्र सिंह, समर कुमार, नरेश कुमार, जोगेंद्र यादव, लोकेश यादव, नवीन शर्मा, हिमांशु गोगिया आदि मौजूद रहे।

# शहर के सभी लोगों के पास पीपीपी नहीं

- नगर परिषद का कार्यकाल हो जाएगा जनवरी में पूरा, नई वार्ड बंदी में देरी के कारण समय पर नहीं हो सकेंगे चुनाव




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नगर परिषद की सरकार का कार्यकाल नए साल के जनवरी माह में पूरा हो जाएगा। एक वार्ड बढ़ाने को लेकर वार्ड बंदी का कार्य पूरा करने के लिए शहर के सभी नागरिकों के पास पीपीपी नहीं हैं। आबादी का डाटा कलेक्ट करने के लिए डोर-टू-डोर सर्वे की आवश्यकता है, जिसके लिए अभी तक टेंडर की प्रक्रिया तक शुरू नहीं हुई है। ऐसे में समय पर नगर परिषद के चुनाव होने की कोई संभावना नहीं है। शहर की सरकार के लिए चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटे लोगों को अभी लंबा इंतजार करना पड़ सकता है। आगामी जनवरी माह में नगर परिषद की सरकार का कार्यकाल पूरा हो जाएगा। शहर में मतदाताओं की संख्या बढ़ने के कारण अब एक वार्ड बढ़ना तय है। शहर में 31 की जगह 32 वार्ड बनाए जाने हैं। इनमें एक आरक्षित वार्ड बढ़ेगा। पहले नगर परिषद प्रशासन ने दिसंबर माह में ही वार्ड बंदी का कार्य पूरा कराने की योजना बनाई थी। इसके लिए पीपीपी को आधार बनाने पर विचार किया गया था। बाद में पता चला कि बड़ी संख्या में शहर के लोगों के पीपीपी नहीं बन सके हैं, जिस कारण पीपीपी के आधार पर नई वार्ड बंदी करना संभव नहीं है। वार्ड बंदी के लिए नगर परिषद के पास शहर की आबादी का सही डाटा तक उपलब्ध नहीं है, जिस कारण वार्ड बंदी कराने में दिक्कतें आ रही हैं। दो माह पूर्व ही वार्ड बंदी को लेकर हलचल शुरू हो गई थी। इसके लिए कमेटी का गठन भी किया गया था। इस कमेटी की अभी तक कोई बैठक तक नहीं हो सकी है।

### घर-घर जाकर करना होगा सर्वे

वार्ड बंदी से पहले बढ़ी हुई आबादी और नए मतदाताओं की पहचान के लिए डोर-टू-डोर सर्वे ही रास्ता बचा है। नगर परिषद की ओर से अभी तक सर्वे कराने के लिए किसी कंपनी को ठेका देने की प्रक्रिया भी शुरू नहीं की गई है। सर्वे के आधार पर बूथ वाइज डेटा मिलने के बाद ही वार्ड बंदी का कार्य पूरा हो सकेगा, जिसमें अभी काफी समय लग सकता है।

### घोटालों के कारण चर्चा में रही नप

नगर परिषद के मौजूद कार्यकाल में भाजपा की टिकट पर विजयी हुई पूनम यादव चेयरमैन पद पर विराजमान हैं। उनके कार्यकाल के शुरू में ही नगर परिषद के अधिकारी घोटालों के कारण चर्चा में रहे। कई अधिकारी एंटी करप्शन ब्यूरो के लपेटे में आए, जिनमें से कुछ जेल की सलाखों के पीछे तक चले गए। भ्रष्टाचार के मामले में नगर परिषद लगातार चर्चा में रही।

### सर्वे कराने पर किया जा रहा विचार



मतदाताओं की सही संख्या का पता लगाने व एक वार्ड बढ़ाने के लिए डोर-टू-डोर सर्वे को ही विकल्प माना गया है। सर्वे कराने की प्रक्रिया भी जल्द शुरू कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। हमारा प्रयास यही है कि जल्द वार्ड बंदी के बाद चुनाव कराने का रास्ता साफ किया जाए।

**- ब्रह्मप्रकाश, डीएमसी।**



रेवाड़ी। शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए जगफूल यादव व अन्य।

### शहीदों के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकताः जगफूल

**रेवाड़ी।** पूर्व जिला उप प्रमुख जगफूल यादव ने कहा कि देश को आजादी दिलाने व आजादी के बाद सीमाओं पर जान की बाजी लगाने वाले शहीदों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। जगफूल मंगलवार को रेजांगला दिवस पर खुर्शीद नगर में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। गांव में भारत-चीन के बीच युद्ध में शहीद हुए शेर सिंह व शहीद देवी सहाय की मूर्ति पर समस्त ग्राम वासियों ने पुष्प अर्पित कर प्रसाद वितरित किया गया। जगफूल यादव ने कहा कि इस गांव के दो योद्धाओं ने दुश्मनों से लोहा लेते हुए अपने प्राणों की आहूति दी थी। देश के प्रति उनके बलिदान को हमशो याद रखा जाएगा। इस अवसर पर शहीद के पुत्र सूबेदार राजेंद्र, वीरेंद्र सिंह, सूबेदार नन्द कुमार, सूबेदार रामपत सिंह, सूबेदार ईश्वर सिंह, सरपंच महावीर, राम करण पंच, वेदप्रकाश भक्त, सतीश नंबरदार, प्रदीप कुमार, सतपाल थानेदार व धर्मपाल आदि मौजूद थे।

## स्वास्थ्य एवं खेल के विकास को प्रदेश सरकार उठा रही आवश्यक कदम

# प्रदेश के सभी जिलों में जल्द होगा पैरा स्पोर्ट्स टीमों का गठनः आरती राव

> *बैठक में आगामी राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय पैरा स्पोर्ट्स प्रतियोगिताओं पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। बैठक में पदाधिकारियों से चर्चा करते हुए आरती सिंह राव। फोटो : हरिभूमि

पैरा स्पोर्ट्स को प्रदेश में नई ऊर्जा, नई गति और नई दिशा देने के उद्देश्य से पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ हरियाणा की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन की अध्यक्ष एवं हरियाणा सरकार की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने की। बैठक में आगामी राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय पैरा स्पोर्ट्स प्रतियोगिताओं पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया।

आरती सिंह राव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार दिव्यांग खिलाड़ियों को खेलों में सर्वोत्तम अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य के प्रत्येक जिले में पैरा स्पोर्ट्स टीमों का गठन प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा, ताकि प्रतिभाशाली दिव्यांग खिलाड़ी पहचान में आएं और उन्हें प्रशिक्षण व मंच उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि पैरा स्पोर्ट्स हरियाणा की नई पहचान बनेंगे और खिलाड़ियों को आवश्यक खेल सुविधाओं, प्रशिक्षण, उपकरण और प्रतियोगिता अवसरों को और अधिक बढ़ाया जाएगा। बैठक में आगामी राज्य स्तरीय पैरा स्पोर्ट्स प्रतियोगिताओं की रूपरेखा पर गहन चर्चा की गई तथा निर्णय लिया गया कि प्रतियोगिताओं की तारीख और स्थान का औपचारिक ऐलान शीघ्र किया जाएगा। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्तर की महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं पर भी विमर्श किया गया। बैठक में विशेष रूप से हैदराबाद में संपन्न हुई राष्ट्रीय पैरा स्विमिंग चैंपियनशिप, राष्ट्रीय जोनल पैरा शूटिंग प्रतियोगिता, 63वीं नेशनल पैरा शूटिंग चैंपियनशिप, जो दिसंबर 2025 में कर्णी सिंह शूटिंग रेंज नई दिल्ली में आयोजित होने जा रही है, पर चर्चा हुई। राव ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं में हरियाणा के खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन करें, इसके लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों को और प्रभावी तथा तकनीकी रूप से मजबूत बनाया जाएगा।

### एसोसिएशन के प्रमुख पदाधिकारी रहे मौजूद

बैठक में एसोसिएशन से जुड़े वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिनमें राव राघवेंद्र, सहसचिव सचिन मलिक, महासचिव ज्योति छाबड़ा, पवन कुमार अधाना, एथलेटिक वरिष्ठ कोच धर्मेंद्र सिंह, अनिल यादव तथा फाउंडर सदस्य धर्मेंद्र सिंधवानी शामिल रहे। साथ ही गिर्राज सिंह, फाउंडर, पैरा स्पोर्ट्स हरियाणा ने भी अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज कराई।

### टीम भावना के साथ कार्य करने के निर्देश

आरती राव ने सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को आगामी राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय कार्यक्रमों को सफल, सुव्यवस्थित और भव्य बनाने के लिए टीम भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पैरा स्पोर्ट्स खिलाड़ियों को हर संभव मदद, समर्थन और संसाधन उपलब्ध कराना हरियाणा सरकार की प्राथमिकताओं में है तथा हरियाणा को पैरा स्पोर्ट्स के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा।